Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 24

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने की फायरिंग, बीएसएफ के दो जवान घायल

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से की गई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी रेंजरों ने बीती शाम को जम्मू जिले के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के भारतीय हिस्से की ओर कुछ राउंड फायरिंग की। घटना रात 8 से 8.30 बजे के बीच की है। अधिकारियों ने कहा, इस घटना में 120 बटालियन के दो बीएसएफ जवान घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जम्मू शहर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### जालंधर पुलिस को बड़ी सफलता, कुख्यात गैंगस्टर पंचम नूर साथी समेत मुंबई से गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी नेता के फ्लैट में गोली चलाने के मामले में नामजद गैंगस्टर पंचम नूर को कमिश्नर पुलिस की सीआईए स्टाफ की टीम ने मुंबई से बुधवार सुबह गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके साथी को भी अरेस्ट कर लिया है जिसकी पहचान 30 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। गैंगस्टर पंचम के खिलाफ हत्या के प्रयास और अपहरण जैसे 11 मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार, गैंगस्टर और उसके साथी को कुर्ला इलाके के विनोबा भावे नगर स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। बता दें, आप नेता के फ्लैट में गोलियां चलाने के मामले में नामजद गैंगस्टर पंचम नूर पर जालंधर के थाना डिविजन नंबर 6 में हत्या का प्रयास और आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने पकड़ी दो करोड़ से अधिक की चांदी

**भीलवाड़ा (आरएनएस)।** विधानसभा चुनाव 2023 के तहत पुलिस द्वारा की जा रही सक्रियता के चलते बुधवार को शहर के प्रताप नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर होटल लेंडमार्क के समीप श्रीनाथ ट्रावेल्स एजेंसी की बस से पच्चीस पार्सल में रखी 293 किलो से अधिक चांदी की सिल्लिया बरामद की। इन सिल्लियो की बाजार कीमत दो करोड़ रूपये से अधिक बताई जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी आयकर विभाग एवं वाणिज्य कर विभाग को दे दी गई है। वही पुलिस ने बस चालक मेहसाणा निवासी अनिल कुमार,हिम्मत नगर निवासी फिरोज खान,कुरियर बॉय छोटू उर्फ शिवा निवासी धोलपूर हाल संजय कॉलोनी निवासी व दीपू निवासी आगरा हाल संजय कॉलोनी को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है।

### कंगाली की मार झेल रहे पाकिस्तान में अब ईंधन भी खत्म, 48 उड़ानें करनी पड़ी रद

**कराची ।** कंगाली और भुखमरी की मार झेल रहे पाकिस्तान में हालात बद से बदतर हो रहे हैं। पाकिस्तान में खाने-पीने के लाले तो पहले ही पड़े हुए थे और देश में ईंधन भी खत्म हो गया है। ईंधन खत्म होने के कारण विदेश जाने वाली फ्लाइटों के अलावा 48 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। यह जानकारी पीआईए के एक प्रवक्ता ने दी है। प्रवक्ता ने कहा कि पीआईए विमानों के लिए सीमित ईंधन आपूर्ति होने के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कुछ उड़ानों के प्रस्थान को दोबारा शेड्यूल किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि ईंधन न होने के कारण 13 घरेलू उड़ानें और 11 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी थीं, जबकि 12 उड़ानों में देरी हुई। रद्द की गई 24 उड़ानों में 11 इंटरनेशन और 13 घरेलू (डोमेस्टडिक) उड़ानें थीं। पीआईए ने बुधवार के लिए भी दो दर्जन से ज्यादा उड़ानें रद कर दी हैं, जबकि कुछ उड़ानों में देरी होने की आशंका जताई है। घरेलू उड़ानों के अलावा रद्द की गई कुछ उड़ानें दुबई, मस्कट, शारजाह, अबू धाबी और कुवैत के लिए उड़ान भरने वाली थीं।

# किसानों के लिए खुशखबरी : सरकार ने गेहूं समेत 6 रबी फसलों के एमएसपी में की वृद्धि



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकार ने बुधवार को विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। सरकार ने प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले यह कदम उठाया है। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में गेहूं का एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया गया।

विपणन सत्र 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,125 रुपये प्रति क्विंटल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल ने 2024-25 सत्र के लिए रबी की सभी फसलों का एमएसपी बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने आगे कहा कि रबी की 6 फसलों के रूस्क्क को निर्धारित करने का निर्णय किया गया है। तिलहन और सरसों में रूस्क्क में 200 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। गेहूं के लिए 150 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। चने के लिए 105 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गई है।

उन्होंने कहा, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश के आधार पर हमने छह रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, गेहूं का समर्थन मूल्य 2024-25 विपणन सत्र के लिए 2,275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो 2023-24 में 2,125 रुपये प्रति क्विंटल था।

गेहूं रबी (सर्दियों) की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है, जबकि कटाई अप्रैल में होती है। एमएसपी किसानों के हितों की रक्षा के लिए सुनिश्चित की गई न्यूनतम दर है, जिससे नीचे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज नहीं खरीदा जाता है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर बैठे लोगों को कुचला, चार की मौत




**विजयपुरा (आरएनएस)।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सडक़ के डिवाइडर पर बैठे चार लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। ट्रक का चालक वाहन समेत मौके से भागने में सफल रहा।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान शिवानंद चौधरी (25), सुनील (26), एरन्ना (26) और 40 वर्षीय प्रवीण पाटिल के रूप में हुई है। वे विजयपुरा शहर के वज्र हनुमाननगर के निवासी हैं। घटना मंगलवार देर रात नेशनल हाईवे 50 पर हिटनल्ली टोल प्लाजा के पास हुई।

पुलिस के अनुसार, चार लोग अपने वाहन पास में पार्क करके राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड के डिवाइडर पर बैठे और बातें कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने नियंत्रण खो दिया और उन्हें कुचल दिया।

पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई और दो बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हिट एंड रन मामले में शामिल वाहन महाराष्ट्र का है। विजयपुरा ग्रामीण पुलिस वाहन का पंजीकरण नंबर प्राप्त करने और मालिक का विवरण हासिल करने में कामयाब रही।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को विदेशी से भी मिल सकेगा फंड, गृह मंत्रालय ने दी अनुमति

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए विदेशी स्रोतों से चंदा प्राप्त करने की अनुमति केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दे दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंदा दिल्ली में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में न्यास के बैंक खाते में जमा कराया जा सकता है।

चंपत राय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम 2010 के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान पाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के एफसीआरए विभाग ने मान्यता प्रदान कर दी है।' उन्होंने कहा, 'विदेशी स्रोतों से मिलने वाला कोई भी स्वैच्छिक योगदान केवल भारतीय स्टेट बैंक की 11, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, स्थित मुख्य शाखा वाले खाते में ही स्वीकार होगा।'

राय ने मीडिया को अलग से जारी एक बयान में कहा, 'गृह मंत्रालय के एफसीआरए विभाग ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को विदेशी स्रोतों से स्वैच्छिक अंशदान प्राप्त करने के लिए पंजीकृत किया है।' राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने पिछले दिनों 'साक्षात्कार में बताया था कि अयोध्या में निर्माणाधीन तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा।

मिश्रा ने यह भी कहा था कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 20 से 24 जनवरी के बीच किसी दिन हो सकती है और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा था कि अंतिम तारीख प्रधानमंत्री कार्यालय की सूचना के आधार पर तय की जाएगी।

## नक्सली गतिविधियों में संलिप्त पति-पत्नी गिरफ्तार

- एक को देहरिया और दूसरे को छत्तीसगढ़ से एटीएस ने दबोचा
- माओवादी संगठन से जुड़े थे तार

**लखनऊ (आरएनएस)।** विगत दिनों से एटीएस उत्तर प्रदेश को नक्सल व अर्बन नक्सल से जुड़े लोगों की गतिविधियों के सम्बन्ध में आसूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी, जिनका भौतिक एवं तकनीकी रूप से सत्यापन कराते हुए लगातार निगरानी रखी जा रही थी। जिस क्रम में प्रमाणिक साक्ष्य मिलने पर बुधवार नक्सल व अर्बन नक्सल से जुड़े दो अभियुक्त बृजेश कुशवाहा पुत्र स्व. राम सरीख कुशवाहा वर्तमान पता बडक़ी रारबदी, बरहज, देवरिया तथा प्रभा पत्नी बृजेश कुशवाहा हाल पता रायपुर, छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

पांच जुलाई 2019 को नक्सल गतिविधियों के सम्बन्ध में मनीष आदि सात के विरूद्ध एटीएस उत्तर प्रदेश में मुकदमा पंजीकृत किया गया था व तत्समय एटीएस द्वारा चार विभिन्न शहरों भोपाल , कानपुर, देवरिया व कुशीनगर में सभी नामजद अभियुक्तों के ठिकानों पर दबिश देकर उनके पास से उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व दस्तावेज बरामद किये गये थे। नामजद सात अभियुक्तों में से मनीष श्रीवास्तव व अमिता श्रीवास्तव उर्फ वर्षा की गिरफ्तारी की गयी थी। शेष पांच व्यक्तियों बृजेश कुशवाहा व प्रभा भी सम्मिलित थे। पूछताछ से कोई प्रमाणिक भौतिक साक्ष्य नहीं मिले थे, जिस कारण तत्समय उनको गिरफ्तार नहीं किया गया था, किन्तु उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षण एवं डाटा एक्सट्रेक्शन के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला से इस माह प्राप्त सम्पूर्ण एक्सट्रेक्टेड डिजिटल डाटा मय रिपोर्ट का गहन विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि बृजेश कुशवाहा एवं प्रभा द्वारा प्रयोग किये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में प्रतिबंधित माओवादी संगठन, प्रतिबन्धित सीपीआई (माओवादी) का भारत सरकार के विरूद्ध प्रतिरोध करने के लिए सशक्त पार्टी व संगठन निर्माण करने के सम्बन्ध में पत्र, साहित्य आदि बरामद हुए हैं। साथ ही प्रतिबन्धित सीपीआई (माओवादी) संगठन से जुड़े विभिन्न कामरेडो के पत्र भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का उल्लेख है। उक्त साक्ष्यों के आधार पर आज 18 अक्टूबर को बृजेश कुशवाहा की गिरफ्तारी देवरिया से एवं प्रभा की गिरफ्तारी रायपुर, छत्तीसगढ़ से की गयी है एवं उनके घरो की सर्च की कार्रवाई की जा रही है।

प्रभा को रायपुर, छत्तीसगढ़ में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर नियमानुसार ट्रांजिट रिमाण्ड पर लखनऊ लाने की कार्रवाई की जा रही है। बृजेश कुशवाहा मूलत: जनपद देवरिया का रहने वाला है और वहीं से प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण की है। एमए (संस्कृत) की शिक्षा गोरखपुर से प्राप्त की है और शिक्षा के दौरान ही यह इंकलाबी छात्र सभा से जुड़ गया था।

## फर्जी प्रमाण पत्र मामले में आजम खान को 7 साल की सजा

- परिवार समेत जाएंगे जेल



**रामपुर (आरएनएस)।** सपा नेता आजम खान के दो जन्म प्रमाण पत्र केस में आजम खान परिवार को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रामपुर कोर्ट ने अब्दुल्ला, पिता आजम खान और मां तजीन फातिमा को दो जन्मतिथि केस में दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुना दी है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोषी करार देते ही तीनों को हिरासत में ले लिया था। अब सजा सुना दिया गया है और आज ही तीनों को कोर्ट से सीधे जेल भेजा जाएगा। बीजेपी नेता आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र को लेकर केस दायर किया था जिस पर फैसला आया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रामपुर कचहरी में भारी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

2017 के विधानसभा चुनाव में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे। इस चुनाव में उन्हें जीत भी मिली थी। उनके विरोधी उम्मीदवार और बीएसपी नेता नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला की उम्र को लेकर हाई कोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अब्दुल्ला की उम्र विधायकी चुनाव लडऩे की नहीं है।

शैक्षिक प्रमाण पत्रों में अब्दुल्ला की जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 है जबकि उनके बर्थ सर्टिफिकेट में 30 सितंबर 1990 थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए अब्दुल्ला की ओर से पेश किए गए जन्म प्रमाण पत्र को फर्जी पाया था और स्वार सीट से उनका चुनाव रद्द कर दिया था। कोर्ट ने पाया था कि साल 2017 में चुनाव लडऩे के दौरान अब्दुल्ला की उम्र 25 साल से कम थी।

2017 में यूपी विधानसभा चुनाव लडऩे के दौरान अब्दुल्ला की उम्र 25 साल से कम थी। लेकिन फिर भी वो फर्जी प्रमाण पत्र के दम पर चुनाव लड़े। रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से अब्दुल्ला आजम ने जब विधानसभा का चुनाव लड़ा था तो शफीक अंसारी उनके प्रस्तावक थे। अब शफीक अंसारी अपना दल में हैं और स्वार से अपना दल के विधायक बन गए हैं। हालांकि, 2017 में स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम ही चुनाव जीते थे।

इसके बाद इस मामले में एक नया मोड़ आया। रामपुर से बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर के गंज थाने में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया, जिसमें आजम खान और उनकी पत्नी तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। अब कोर्ट ने आजम खान, अब्दुल्ला आजम और तंजीन फातिमा को दोषी पाया है और तीनों को 7-7 साल की सजा सुनाई है।

## बेंगलुरु में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए शख्स ने चौथी मंजिल से लगाई छलांग

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु के कोरामंगला इलाके में बुधवार को एक इमारत की चौथी मंजिल पर आग लग गई। इस आग में एक पब जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक, अग्निशमन बल के आपातकालीन कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और आग बुझा रहे हैं। कर्मचारी आग को आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। आग से खुद को बचाने के लिए चौथी मंजिल पर फंसे एक व्यक्ति ने इमारत से छलांग लगा दी। सौभाग्य से वह एक पेड़ पर जा गिरा और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मडपाइप हुक्का कैफे की रसोई में गैस रिसाव के कारण आग लगी। कुछ ही



समय में आग ने पूरे पब को अपनी चपेट में ले लिया। कर्मचारी आग से बचने में कामयाब रहे। जैसे ही पब की चादरें और अन्य उपकरण पार्किंग क्षेत्र में गिरे, कुछ दोपहिया वाहनों में भी आग लग गई। यह भी आशंका है कि आग में आठ से दस एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस इमारत में एक कार शोरूम भी है। सद्दुगुंटेपाल्या पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से ठंड ने दी दस्तक : उत्तर भारत के कई राज्यों में 20 डिग्री लुढ़का पारा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का असर कई राज्यों में दिखने लगा है। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी देखने को मिल रही है। कुमाऊं के इलाकों में ठंड बढ़ गई है। उच्च हिमालयी इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण पहाड़ी इलाकों का पारा 20 डिग्री से नीचे चला गया है। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों में बर्फबारी हुई है। साथ में ऊंचे पर्वतीय इलाकों में मध्यम बर्फबारी हुई है।



शिमला जिले के नारकंडा व खड़ापत्थर में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश हो रही है, तो पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी। कई इलाकों में शीतलहर की खबर है। उत्तराखंड में भी बर्फबारी हो रही है। पिथौरागढ़ जिले में दारमा क्षेत्र के कई माइग्रेशन गांवों और साथ लगते ऊंचे हिमालयी इलाकों में बर्फ गिरी है। कई जगह 50 साल बाद बर्फबारी हुई है। ये इलाके लगभग 10 हजार फीट से भी ऊंचे हैं।

मुनस्यारी में अधिकतम 12 और न्यूनतम 4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। सीमांत जिले के खलिया, नागनीधुरा और आसपास के इलाकों में भी बर्फ गिरी है। पिथौरागढ़ का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। जो पहले के मुकाबले 2 डिग्री गिरा है। यहां का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहqा है। मुनस्यारी के पर्यटक स्थल खलिया में पारा जीरो से नीचे चला गया है।

बागेश्वर जिले के पिंडारी और मैकतोली में सीजन की पहली बर्फ गिरी है। जिले में लगातार बारिश और ओलावृष्टि से ठंड बढ़ी है। घाटी में कोहरा दिख रहा है। अधिकतम 16 और न्यूनतम 12 डिग्री तक टेंपरेचर यहां रिकॉर्ड किया गया है। अल्मोड़ा का हाल भी जुदा नहीं है। यहां के जागेश्वर में तापमान गिरा है। न्यूनतम 8 व अधिकतम 14 डिग्री टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया है। चम्पावत जिले में लोहाघाट स्थित एबटमाउंट का इलाका सबसे ठंडा रिकॉर्ड किया गया है। विभाग के अनुसार यहां का तापमान न्यूनतम 8 और अधिकतम 16 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों और ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम बर्फबारी हुई है। शिमला, सिरमौर, मंडी, चंबा और कुल्लू की बात करें, तो विभाग की ओर से शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। यहां कई जगह पारा जीरो डिग्री से भी नीचे रिकॉर्ड किया गया है। विभाग के अनुसार लाहौल और स्पीति, किन्नौर में बर्फ गिरी है। इसके अलावा रोहतांग दर्रा, चूड़धार पर्वतमाला, जलोरी दर्रा और जोत (चंबा) में बर्फ के कारण सफेद चादर बिछी नजर आई है।

जम्मू कश्मीर में भी कई जगह बर्फबारी और भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद किया गया है। यहां 200 से अधिक लोग वाहनों समेत फंसे हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में लगातार दूसरे दिन भी बारिश और बर्फबारी हुई है। जिसके कारण यहां शीत लहर चल रही है। अधिकारियों की ओर से बताया गया है कि रास्तों को खोलने का काम जारी है। बारिश के कारण इसमें दिक्कत आ रही है। वहीं, शोपियां में पुंछ से कनेक्ट रोड को भी बंद किया गया है। यहां लगातार बर्फबारी हो रही है।